दिन– गुरुवार दिनांक– 08 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी की। पहली अप्रैल से तीस सितंबर तक घरों की गणना होगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– सात निश्चय–तीन के तहत उन्नीस जनवरी से प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में होगी जन सुनवाई।

03. प्रदेश की सड़कों को आधुनिक बनाने के लिए होगा एआई तकनीक का इस्तेमाल।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया।

---

केंद्र सरकार ने भारत की जनगणना–दो हजार सत्ताईस के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। जनगणना के पहला चरण में एक अप्रैल से तीस सितंबर के बीच राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में तीस दिनों की अवधि में घरों की गिनती का काम किया जाएगा। गृह मंत्रालय से जारी अधिसूचना में कहा गया है कि प्रत्येक राज्य और केन्द्र शासित प्रदेश में तय कार्यक्रमों के अनुसार घरों की गिनती शुरू होने से पन्द्रह दिन पहले स्वयं की गिनती की सुविधा उपलब्ध होगी। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भारत की रिफार्म एक्सप्रेस लगातार गति पकड़ रही है। श्री मोदी ने कहा कि चालू वित्त वर्ष में देश के सकल घरेलू उत्पाद–जीडीपी में सात दशमलव चार प्रतिशत की वृद्धि का अनुमान है, जबकि पिछले वित्त वर्ष में यह छह दशमलव पांच प्रतिशत थी। जीडीपी के आंकड़ों पर प्रतिक्रिया देते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि यह वृद्धि एनडीए सरकार के निरंतर निवेश प्रोत्साहन और मांग–आधारित नीतिगत उपायों के कारण संभव हो रही है। सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि बुनियादी ढांचागत विकास, विनिर्माण प्रोत्साहन, डिजिटल सार्वजनिक वस्तुएं और व्यापार में सुगमता जैसे क्षेत्रों में किए जा रहे प्रयास एक समृद्ध भारत के सपने को साकार करने की दिशा में लक्षित हैं।

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा है कि सात निश्चय–तीन के तहत सबका सम्मान जीवन आसान के लक्ष्य की गति के लिये अब सरकारी कार्यालयों में अधिकारी आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री कुमार ने कहा कि ग्राम पंचायत, थाना, अंचल, प्रखंड, अनुमंडल, जिला, प्रमंडल और राज्य स्तर के सभी सरकारी कार्यालयों में संबंधित पदाधिकारी सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को अपने–अपने कार्यालय कक्ष में आम लोगों की समस्याएं सुनेंगे और उसका निष्पादन करेंगे। उन्होंने कहा कि आगंतुकों से प्राप्त शिकायत दर्ज की जायेगी और इसके निवारण के लिए किये गये प्रयासों की लगातार निगरानी की व्यवस्था भी होगी। श्री कुमार ने कहा कि यह व्यवस्था उन्नीस जनवरी से प्रभावी हो जायेगी। उन्होंने इस संबंध में आम लोगों से दस जनवरी तक सुझाव भी मांगे हैं।

---

पटना उच्च न्यायालय के दो नवनियुक्त न्यायाधीश रितेश कुमार और प्रवीण कुमार आज शपथ लेंगे। पटना उच्च न्यायालय के शताब्दी भवन में आयोजित समारोह में मुख्य न्यायाधीश संगम कुमार साहू दोनों नवनियुक्त न्यायाधीशों को पद और गोपनीयता की शपथ दिलायेंगे। शपथ ग्रहण के बाद पटना उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश सहित न्यायाधीशों की संख्या बढ़कर कर सैंतीस हो जायेगी। वर्तमान में पटना हाई कोर्ट में न्यायाधीशों के तिरेपन स्वीकृत पद हैं।

---

स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने कहा है कि दस फरवरी से राज्य में फइलेरिया उन्मूलन का महाअभियान चलाया जायेगा। पटना में संवाददाताओं से बातचीत में श्री पांडेय ने कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य फइलेरिया रोग के संक्रमण की श्रृंखला को तोड़ना है। अभियान के तहत उन्नीस जिलों में डाईथाइलकार्बामाज़ीन, डीईसी और एल्बेंडाजोल की दवाई दी जायेंगी जबकि पन्द्रह जिलों में आईवरमेक्टिन की अतिरिक्त खुराक भी दी जायेगी। महाअभियान की शुरूआत के चौदह दिनों में स्वास्थ्य कर्मी घर–घर जाकर दवा देंगे। इसके बाद सरकारी अस्पतालों, स्वास्थ्य केन्द्रों और विद्यालयों में विशेष दवा सेवन बूथ लगाये जायेंगे।

---

प्रदेश की सड़कों को अब आधुनिक संधारण के लिए एआई तकनीक से बनाया जायेगा। मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में पटना में आउटपुट और परफॉरमेंस आधारित सड़क रख–रखाव अनुबंध ओपीआरएमसी–थ्री को लेकर एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में यह निर्णय लिया गया है। मुख्य सचिव ने कहा कि इसके तहत उन्नीस हजार तीन सौ सत्ताईस किलोमीटर लम्बी सड़कों के रख–रखाव का प्रावधान है। श्री अमृत ने बताया कि प्रति किलोमीटर लम्बी सड़क पर सात वर्षों के लिए एक करोड़

बाईस लाख रूपये खर्च होंगे। वहीं, छह मीटर तक के पुल–पुलियों का पूर्ण संधारण और प्रबंधन गुणवत्ता के साथ किया जायेगा।

———————————————————————

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अनूठे संवाद कार्यक्रम, परीक्षा पे चर्चा के लिए अब तक चार करोड़ से अधिक प्रतिभागियों ने पंजीकरण कराया है। प्रधानमंत्री ने इस वर्ष के कार्यक्रम के लिए विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से सुझाव आमंत्रित किए हैं। श्री मोदी ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षाएं नजदीक आने के साथ ही वे परीक्षा के विभिन्न पहलुओं पर विद्यार्थियों, अभिभावकों और शिक्षकों से एक बार फिर बातचीत करेंगे। उन्होंने कहा कि उनकी बातचीत में मुख्य रूप से परीक्षा के तनाव से निपटने, शांत तथा आत्मविश्वासी बने रहने और मुस्कुराते हुए परीक्षा देने के तरीकों पर चर्चा होगी।

———————————————————————

राजधानी पटना सहित पूरा प्रदेश भीषण ठंड और घने कोहरे की चपेट में है। ठंडी हवा कारण कनकनी बढ़ गयी है और तापमान में लगातार गिरावट दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में तापमान गिरकर नौ डिग्री सेल्सियस के आसपास पहुंच गया है। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तथा न्यूनतम तापमान में और गिरावट हो सकती है। विभाग ने इसे लेकर राज्य के अधिकांश भाग में कोल्ड डे की चेतावनी जारी की है।

———बाईट———

इधर, पिछले चौबीस घंटे के दौरान चार दशमलव चार डिग्री सेल्सियस न्यूनतम तापमान के साथ भागलपुर का सबौर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा। वहीं, शेखपुरा में पांच दशमलव दो डिग्री, किशनगंज में पांच दशमलव आठ डिग्री और पटना में नौ दशमलव आठ डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

इधर, प्रदेश के विभिन्न स्थानों पर घने कोहरे के चलते दृश्यता कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी देर से चल रही हैं। इधर, पटना हवाई अड्डे से नौ उड़ाने रद्द रही जबकि बाईस उड़ानों को रिशेड्यूल किया गया। दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई उड़ानों को रिशेड्यूल किया गया है। फरक्का एक्सप्रेस, मगध एक्सप्रेस और ब्रह्मपुर मेल सहित कई लम्बी दूरी की ट्रेनें अपने निर्धारित समय से दो से चार घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंची।

———————————————————————

आपदा प्रबंधन मंत्री नारायण प्रसाद ने आपदा प्रभावितों को चौबीस घंटों के अन्दर सरकारी योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराने का अधिकारियों को निर्देश दिया है। पटना में विभागीय समीक्षा बैठक के दौरान उन्होंने अधिकारियों को संवेदनशीलता और सजगता के साथ आपदा प्रबंधन कार्य निष्पादित करने को कहा। उन्होंने कहा कि अग्निकांड पीड़ितों को दस से बीस दिनों के अन्दर राहत राशि का भुगतान सुनिश्चित होना चाहिए।

———————————————————————

ऑल इंडिया ज्वेलर्स एंड गोल्ड फेडरेशन ने सुरक्षा की दृष्टि से प्रदेश के सभी आभूषण दुकानों में हिजाब, नकाब, घूंघट या हेलमेट पहनकर प्रवेश करने पर रोक लगाने का फैसला किया है। फेडरेशन के अध्यक्ष अशोक कुमार वर्मा ने कहा कि यह कदम किसी भी धर्म, परम्परा या व्यक्तिगत आस्था के खिलाफ नहीं है बल्कि यह फैसला सिर्फ सुरक्षा कारणों को ध्यान में रखकर लिया गया है।

———बाईट———

———————————————————————

पूर्णिया जिले के चम्पानगर थाना क्षेत्र से पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के छह सदस्यों को चार मोटरसाईकिल के साथ गिरफ्तार किया है। ये सभी अररिया के रानीगंज के रहने वाले हैं। वहीं, जिले के चम्पानगर और नगर थाना क्षेत्र में डायल एक सौ बारह वाहन ड्राईवर सहित चार लोगों को अवैध वसूली के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

———————————————————————

निगरानी विभाग की टीम ने उपभोक्ताओं की शिकायत पर मुजफ्फरपुर के साहेबगंज प्रखंड में बिजली मीटर लगाने और कनेक्शन जोड़ने के नाम पर पांच हजार रूपये रिश्वत लेते हुये लाईन मैन मुनचुन राम और मीटर रीडर निशांत को गिरफ्तार किया है। वहीं, इस मामले में कनीय अभियंता गौतम कुमार फरार है।

———————————————————————

पटना जिले के दानापुर थाना क्षेत्र अन्तर्गत गोला रोड में एक अनियंत्रित चारपहिया वाहन ने सड़क किनारे खड़े छह लोगों को कुचल दिया। इस घटना में सभी गम्भीर रूप से घायल लोगों को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटन से आक्रोशित लोगों ने वाहन में आग लगा दी और प्रदर्शन किया।

———————————————————————

किशनगंज जिले में राजस्व खुफिया निदेशालय, डीआरआई की टीम ने सोनारपट्टी रोड में छापेमारी कर एक आभूषण कारोबारी के ठिकाने से भारी मात्रा में तस्करी का सोना जब्त किया है।

———————————————————————

अब खेल की खबरें....

बत्तीसवीं बिहार राज्य जूनियर बॉल बैडमिंटन चैंपियनशिप का आयोजन नौ और दस जनवरी को मोतिहारी में किया जायेगा। बिहार बॉल बैडमिंटन संघ के सचिव गौरी शंकर ने बताया कि बालक और बालिका वर्ग में राज्यभर की कई टीमें भाग लेंगी।

पांचवीं सीनियर नेशनल गोल बॉल चैंपियनशिप का आयोजन ग्यारह जनवरी से पटना के पाटलिपुत्र स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में किया जायेगा। बिहार पैरा स्पोर्ट्स एसोसिएशन और इंडियन ब्लाइंड स्पोर्ट्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में यह प्रतियोगिता तेरह जनवरी तक आयोजित होगी।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने दिये निर्देश, पंचायत से सचिवालय तक सोमवार और शुक्रवार को समस्या सुनेंगे अफसर। उन्नीस जनवरी से प्रदेश में लागू होगी नई व्यवस्था।

दैनिक जागरण लिखता है– इस वर्ष सात दशमलव चार फीसदी की दर से बढ़ेगी, देश की जीडीपी।

दैनिक भास्कर ने उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा के हवाले से लिखा है– नगर निकायों में सरकारी जमीन कब्जाने वाले माफिया पर कसेगी नकेल।

प्रभात खबर लिखता है– दस स्टेशन के बीच चलेगी राज्य की पहली पटना वाटर मेट्रो, बचेगा समय और पैसा।

आज अखबार का शीर्षक है– संत्तावन सब रजिस्ट्रार को इनकम टैक्स की नोटिस, जमीन रजिस्ट्री घोटाले में जांच तेज।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. केंद्र सरकार ने जनगणना के पहले चरण के लिए अधिसूचना जारी की। पहली अप्रैल से तीस सितंबर तक घरों की गणना होगी।

02. मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा– सात निश्चय–तीन के तहत उन्नीस जनवरी से प्रदेश के सभी सरकारी कार्यालयों में होगी जन सुनवाई।

03. प्रदेश की सड़कों को आधुनिक बनाने के लिए होगा एआई तकनीक का इस्तेमाल।

04. और, राजधानी पटना सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड और कोहरे से जनजीवन प्रभावित। मौसम विभाग ने अगले चार दिनों के दौरान कोल्ड डे का अलर्ट जारी किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।